नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा सेमीकंडक्टर पार्क

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में यूपी सरकार ने बड़ी पहल की है। अब ग्रेटर नोएडा स्थित जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर पार्क स्थापित होने जा रहा है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत सेक्टर 10 और सेक्टर 28 में सेमीकंडक्टर पार्क को स्थापित करने की योजना है। इस पहल से देश-दुनिया की बड़ी चिप निर्माता कंपनियां यूपी में अपने उद्यम लगाने के लिए आकर्षित होंगी। यीडा ने दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स के लिए सेक्टर 10 में 200 एकड़ और सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि चिह्नित की है। इन दोनों क्लस्टर्स में 8 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व 60 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी लगाया जाएगा।

क्लस्टर्स को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400/200/132 केवी का सबस्टेशन भी बनाने की योजना है। इसके अतिरिक्त पार्क में निवेशक उद्यमियों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा भी मिलेगी। इससे 50 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे और उद्यमी भी निवेश के लिए आकर्षित होंगे।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत बनेगा पार्क

उद्यमियों को मिलेंगी रियायतें

सरकार ने निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए प्रदेश में नीति बनाई गई है। नीति के तहत केंद्र सरकार से अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकंडक्टर, सिलिकॉन फोटोनिक्स, सेंसर, एटीएमपी, ओएसएटी के लिए 75 फीसदी जमीन सब्सिडी भी दी जा रही है।